प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 11.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- रांची में ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ, 28 राज्यों के हस्तशिल्पी ले रहे हिस्सा, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा– महोत्सव कारीगरों के लिए बेहतर मंच होगा साबित।
- राज्य में कैंसर इलाज के लिए छह जगहों पर रेडिएशन सेंटर विकसित करने की योजना, पांचों मेडिकल कॉलेजों में डे–केयर और रेडिएशन सेंटर शुरू करने की तैयारी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा चलाएगी राज्यव्यापी सेवा अभियान, 17 सितंबर को जिला मुख्यालयों में लगेगा रक्तदान शिविर।
- 24 जिलों के भ्रमण के बाद रांची में भर्ती सुधार यात्रा का समापन, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार की मांग को लेकर युवाओं से सहयोग की अपील।
- रांची में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ छह गिरफ्तार, वहीं जामताड़ा पुलिस ने पांच साइबर अभियुक्तों को 11 मोबाइल और 13 फर्जी सिम के साथ पकड़ा।

******************

रांची में नाबार्ड ग्रामीण भारत महोत्सव सह क्लासिक एक्सपो के चौथे संस्करण का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया। दस दिवसीय यह आयोजन 20 सितंबर तक रांची में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड में महोत्सव का आयोजन गर्व का विषय है और यह देशभर के कारीगरों को बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा।

******************

राज्य में कैंसर मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़े, इसके लिए छह जगहों पर रेडिएशन सेंटर विकसित करने की योजना है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस योजना की समीक्षा की गई। पहले चरण में जमशेदपुर, धनबाद और दुमका तथा दूसरे चरण में रांची, हजारीबाग और पलामू को शामिल करने का प्रस्ताव है। सभी पांच मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मोड पर कैंसर डे–केयर और रेडिएशन सेंटर शुरू करने की भी तैयारी है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्यभर में व्यापक सेवा अभियान चलाया जाएगा। झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने बताया कि 17 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। इसके बाद 21 और 29 सितंबर से आंगन मिलन सेवा, वाराणसी सेवा यात्रा और सेतु अभियान शुरू किए जाएंगे।

******************

जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो को अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लगातार पांचवीं बार संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। सांसद महतो ने सम्मान के लिए जमशेदपुर की जनता का आभार जताया और कहा कि इससे उन्हें जनहित के मुद्दों को और मजबूती से उठाने की प्रेरणा मिलेगी।

******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि एक माह बढ़ाने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद जारी किए गए नोटिस की तुलना में अब तक हुई सुनवाई की संख्या काफी कम है।

******************

विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में निकाली गई भर्ती सुधार यात्रा आज रांची पहुंची और समाप्त हो गई। करीब दो सप्ताह तक राज्य के 24 जिलों का भ्रमण करने के बाद मोरहाबादी मैदान से रैली निकाली गई, जो अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पहुंची। देवेंद्र नाथ महतो ने युवाओं और छात्रों से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के अभियान में सहयोग की अपील की।

******************

राजधानी रांची समेत देशभर में सरकारी और कुछ निजी बैंकों के कर्मचारी आज एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर यह हड़ताल की। हड़ताल के कारण बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुई, जबकि यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम सेवाएं जारी रही।

******************

रांची में एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लोअर बाजार थाना पुलिस और टाइगर मोबाइल टीम ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की कई बाइक बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, ये बाइक सदर अस्पताल परिसर से चोरी की जा रही थीं। साथ ही ब्राउन शुगर और गांजा तस्करों के खिलाफ भी अभियान तेज किया गया है।

******************

जामताड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर और कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पांच साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के पास से 11 मोबाइल और 13 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

******************

बोकारो में तेलमच्चो ब्रिज से सेक्टर छह तक 47 करोड़ की लागत से फोरलेन सड़क का शिलान्यास धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने किया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि फोरलेन सड़क के निर्माण से गोला, पेटरवार और रांची की ओर जाने वाले लोगों को करीब 15 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी।

******************

रांची में यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक यातायात की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी गणेश पूजा, करमा, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ और अक्टूबर में क्रिकेट मैचों को देखते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। ब्लैक शीशे, फैंसी नंबर प्लेट, तेज हॉर्न, रैश ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाने और क्षमता से अधिक यात्रियों के परिवहन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में रूक रूक कर हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश जारी है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार कल राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना है। रांची में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश और गरज–चमक की स्थिति बनी रह सकती है।

******समाप्त*******